एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा पिंक बॉल से डे-नाइट टेस्ट मैच

2 साल बाद 100 प्रतिशत दर्शकों को मिली मैच देखने की अनुमति

एजेंसी || बेंगलुरु

भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच दोपहर दो बजे बेंगलुरु में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया श्रीलंका पर क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाने वाला टेस्ट मैच डे-नाइट टेस्ट होगा। पिंक बॉल टेस्ट के लिए पहले 50प्रतिशत फैंस को मैदान पर जाकर मैच देखने की अनुमति थी, मगर अब कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (KSCA) ने इसमें बदलाव किए हैं। सरकार से अनुमति मिलने के बाद अब बेंगलुरु टेस्ट में 50 की जगह 100 फैंस को अनुमति है और 10 हजार से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। भारत में 2 साल बाद कोई मैच 100प्रतिशत दर्शकों के साथ खेला जा रहा है। वहीं, श्रीलंका की टीम भी दूसरे मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। रोहित ब्रिगेड ने टेस्ट सीरीज से पहले टी-20 सीरीज में भी क्लीन स्वीप कर चुकी है। मैच भारतीय समयानुसार दिन में 2 बजे से शुरू होगा। इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी प्लस हॉटस्टार ऐप पर भी देखा जा सकता है टीम इंडिया अगर श्रीलंका के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट मैच जीत जाती है तो घरेलू मैदानों पर लगातार 15वीं टेस्ट सीरीज जीत होगी। भारत ने पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज नवंबर 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ हारी थी। उस समय महेंद्र सिंह धोनी टीम के कैप्टन थे। उसके बाद से अब तक भारतीय टीम कोई घरेलू टेस्ट सीरीज नहीं गंवाई है। आज तक किसी भी टीम ने अपने घरेलू मैदानों पर इतनी सीरीज नहीं जीती है। टीम इंडिया के बाद दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया का नाम आता है। कंगारू टीम ने अब तक घर में लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीती हैं। टीम ने ये कारनामा दो बार किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली सीरीज नवंबर 1994 से नवंबर 2000 तक जीती, जबकि दूसरी बार ये कारनामा जुलाई 2004 से नवंबर 2008 के बीच किया था। 2021 में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी डे-नाइट टेस्ट मैच खेला था और इंग्लैंड पर कमाल की जीत दर्ज की थी। अक्षर पटेल ने मैच में 11 विकेट झटके थे। पहली पारी में उन्होंने 38 रन देकर 6 विकेट और दूसरी पारी में 32 रन देकर 5 विकेट लिए। अक्षर पिंक बॉल टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले पहले भारतीय स्पिनर भी बने थे। ऐसे में उनका खेलना तय माना जा रहा है।

सुरंगा अकमल का आखिरी मैच

श्रीलंका के तेज़ गेंदबाज सुरंगा लकमल का यह आखिरी टेस्ट मैच है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेंगे। लकमल श्रीलंका के कप्तान भी रहे हैं। पूर्व टेस्ट कप्तान 34 साल के लकमल ने अब तक श्रीलंका की ओर से 69 टेस्ट, 86 वनडे और 11 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। पहले टेस्ट में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम दूसरे मुकाबले में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहेगी।

खिलाड़ियों ने दिखाए खेल प्रतियोगिता में जौहर

खेलों से आती है प्रतिस्पर्धा की भावना : पूर्वी जैन

शाजापुर। खेलों से सर्वांगिण विकास होता है। खेल जहां शरीर को स्वस्थ रखते हैं। वहीं तनाव-अवसाद आदि से भी बचाते हैं। आज जरूरत है कि हर व्यक्ति किसी न किसी खेल से जुड़े। क्योंकि खेलों के माध्यम से ही व्यक्ति में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है जिससे व्यक्ति में आगे बढ़ने की ललक पैदा होती है।

यह बात सहज पब्लिक स्कूल को-डायरेक्टर पूर्वी जैन ने शुक्रवार को दुपाड़ा रोड़ स्थित सहज ग्राउंड पर चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलकूद का महत्व बताते हुए कहा कि खेलकूद से शरीर मजबूत होता है। खेल भावना जीवन में भी बहुत जरूरी है। खेल हारने के बाद मेहनत से फिर तैयारी करने की सीख देता है। प्राचार्य अंकुर जैन ने कहा कि इसी तरह जीवन में भी हमें कभी निराश नहीं होना चाहिए। खेल-कूद से हमारा समग्र एवं संतुलित विकास होता है। इससे हमारा सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक मनोबल भी ऊंचा होता है। आप सभी प्रतिभागी सच्ची खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से खेलें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खेलकूद के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में आप अपना कैरियर बना कर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 500 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता मिनी, सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्गों में आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन वॉलीबाल, स्लो-सायकिल, रस्साकसी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज शनिवार को 200 से 400 मीटर रेस, टेनिस क्रिकेट, लेग क्रिकेट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

सच संक्षेप

सीमेंट यूनिट ने 30 महिलाएं सम्मानित

कुंदनगंज। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड की कुंदनगंज सीमेंट यूनिट ने कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में आसपास के गांवों की 30 महिलाओं को सम्मानित किया। उपस्थित सभी महिलाओं को उपहार दिए गए। अतिरिक्त उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने समाज में महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभा को संबोधित किया। श्रीमती छाया वर्मा ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में आरसीसीपीएल द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों के बारे में बताया। दिव्यांशी ने एक कविता सुनाकर महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता सुशीला सिंह, कमला देवी एवं श्रीमती जानकी ने भाग लिया। इकाई में स्वास्थ्य, शिक्षा और आय सृजन के क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण गतिविधियों की एक समृद्ध परंपरा रही है।

ट्रक ने लांच की हॉरिजन डब्लू20 स्मार्टवॉच लांच

नई दिल्ली। ऑडियो ब्रांड ट्रक बहु-प्रतीक्षित विशिष्ट रूप से निर्मित ट्रक हॉरिजन डब्लू20 स्मार्टवॉच लांच करने की तैयारी में है। यह स्मार्टवॉच की शुरुआती कीमत 2999 रुपए होगी। हॉरिजन एडवेंचर स्मार्टवॉच ग्लोनास के साथ अंतः स्थापित उच्च सटीकता वाले जीपीएसए आईपी68 रेटिंग के साथ डीप वाटर रेजिस्टेंस, मल्टीपल-सपोर्ट मोड्स और 168 घंटे' तक चलने वाली एक बड़ी बैटरी से लैस है। गौरतलब है कि ट्रक साउंड प्रोफेशनल्स और संगीत प्रेमियों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली वायरलेस स्टीरियोज, वायरलेस हेडफोन, इयरफोन और बीएपोक ध्वनि उपकरण का निर्माण करता है।

मणिपाल हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ कल भोपाल में

भोपाल। दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल्स के महाहृद हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ.युगत किशोर मिश्रा हृदय रोगियों का इलाज करने एवं एक विशेष ओपीडी सेवा के लिए भोपाल का दौरा करेंगे। अक्षय हार्ट हॉस्पिटल के सहयोग से डॉ.युगत किशोर मिश्रा 13 मार्च (रविवार सुबह 10 बजे से 1 बजे) को कंसल्टेशन सेवा प्रदान करेंगे। इस सुविधा द्वारा हृदय रोगियों को विशेषज्ञ परामर्श और इलाज मिल सकेगा। ओपीडी सेवा भोपाल और नजदीकी शहरों में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों एवं व्यस्कों को इलाज प्रदान करने का एक प्रयास है। डॉ.युगत किशोर मिश्रा ने कहाकि वृद्धावस्था में हृदय रोग मौत के सबसे सामान्य कारणों में से एक है और यह रक्तवाहिनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमने के कारण होता है, जिससे हृदय की पेशियों और शरीर के अन्य अंगों को खून की आपूर्ति में रुकावट उत्पन्न होती है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने की प्रतियोगिता की घोषणा

मुंबई। बैंक ऑफ बड़ौदा ने समाज में मौजूद ऐसी महिलाओं को सम्मानित करने तथा उनके हौंसले को सलाम करने के लिए सत्यूट हरशक्ति प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण की घोषणा की है, जो हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोगों को ऐसी असाधारण महिलाओं की कहानियों को साझा करना होगा, जिनसे उन्हें प्रेरणा मिली है। ऐसी महिलाएं किसी की मां, बहन, बेटी, दोस्त, पड़ोसी, शिक्षक व सहकर्मी हो सकती है। सत्यूट हरशक्ति प्रतियोगिता में चयनित महिलाओं को बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांड एंबेसडर्स एवं खेल जगत की जानी-मानी हस्तियों एवं लाखों भारतीयों के लिए रोल मॉडल बन चुकी ओलंपियन पी.वी.सिंधु और भारतीय क्रिकेट टीम की खिलाड़ी शेफाली वर्मा के साथ वर्चुअल तरीके से बातचीत करने का मौका मिलेगा, साथ ही उन्हें कुछ आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

हंगामा प्ले ने की सस्पेंस ड्रामा,स्वांग की घोषणा

मुंबई। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म, हंगामा प्ले ने अपनी तेहरे ओरिजिनल सीरीज, स्वांग को लॉन्च किया है। इस सीरीज में इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े नाम जैसे अनुष्का सेन, हितेन तेजवानी, मानसी श्रीवास्तव, अनुराग शर्मा और एलन कपूर नज़र आने वाले हैं। यह क्राइम थ्रिलर दो बहनों के जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बड़े अपराध का पर्दाफाश करने के लिए अपनी उम्र से परे चली जाती हैं।

सच बाजार

बिल्डरों ने की कीमतों को नियंत्रित करने रेगुलेरटरिंग की मांग

रियल्टी सेक्टर और टेलीफोन की भांति लोहा और सीमेंट की भी हो मॉनिटरिंग

वाणिज्य प्रतिनिधि || भोपाल

निर्माण सामग्री के बढ़ते दाम लोगों के आशियाने के सपने को तोड़ रहे हैं। लोहा, रेत, ईंट, सीमेंट की कीमतों में तूफानी तेजी है। निर्माण सामग्री के आसमान छूते दामों के कारण निर्माण लागत बढ़ गई है। इससे आम आदमी के भवन निर्माण से लेकर रीयल एस्टेट सेक्टर का काम अटक रहा है। किसी ने दीवार बनाने के बाद लेंटर का काम अधूरा छोड़ दिया है तो कोई दीवारों का प्लास्टर नहीं करा पा रहा है। जिन मकानों में बाकी काम हो गए हैं उनमें फिनिशिंग का काम अटक गया है। कीमत बढ़ जाने के कारण बजट बिगड़ जाने से कोई उधार लेकर निर्माण कार्य करा रहा है।

डेवलपर्स और डेवलपर्स की शीर्ष संस्था क्रेडाई मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष वासिक हुसैन के अनुसार प्रावधानों की जटिलताओं और मंदी की मार से जूझ रहा रियल एस्टेट सेक्टर बिल्डिंग मटेरियल लोहा, सीमेंट और रेत के दाम बढ़ने से पस्त है। निर्माणाधीन

प्रोजेक्टों में निर्माण कार्य रूक गया है। महंगाई की आग चौरतफा भड़कने से लोग परेशान हैं। अतः लोहा, सीमेंट और रेत के बढ़ते दामों पर अंकुश लगाने सरकार को सख्त कदम उठाना चाहिए। क्रेडाई ने मूल्यों को नियंतित्र करने सरकार को सुझाया कि जिस प्रकार टेलीफोन सेक्टर, रियल्टी सेक्टर में सरकार ने मॉनीटरिंग के लिए रेगुलेटरी का गठन कर रखा है उसी भांति सरकार लोहा, सीमेंट और रेत की दाम को नियंत्रित करने रेगुलेटरी मॉनीटरी का गठन करें इस पर नियंत्रण करें। डेवलपर्स विकास शर्मा के अनुसार निर्माण सामग्री के दाम के बढ़ने इस सेक्टर के जुड़े बाजार की आर्थिक स्थिति गड़बडाई हुई है। निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़ने का सबसे ज्यादा असर घर बना रहे मध्यवर्गीय लोगों पर पड़ा है। पहले से कोरोना ने मारा अब महंगाई फटका लगा रही है। जानकारों के अनुसार निर्माण सामग्री की कीमत बढ़ने का सीधा असर निर्माण लागत पर पड़ा है। निर्माण लागत 11 सौ रुपए प्रति वर्गफीट थी जो बढ़कर 12 सौ रुपए प्रति वर्गफीट के लगभग हो गई है।

बिल्डिंग मटेरियल के दाम

- ईंट - 7000 से 13000 हजार रुपए की एक हजार
- रेत- 4500 से 5000 रुपए की ट्राली
- लोहा लोकत -8000 से 8200 रुपए विचंटल
- लोहा ब्रांडेड - 8500 से 8700 रुपए विचंटल
- लोकत सीमेंट- 350 से 360 रुपए बोरी (मात की किल्तत)
- ब्रांडेड सीमेंट -370- 380 रुपए बोरी

क्रेडाई की प्रधानमंत्री से गुहार, कहा अंकुश लगाएं, सट्टेबाजी में उलझा लोहा

डेवलपर्स की शीर्ष संगठन क्रेडाई ने लोहा कंपनियों खिलाफ प्रधानमंत्री से पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग है। क्रेडाई का आरोप है कि लोहा और सीमेंट सट्टेबाजी में उलझा हुआ है। कंपनियां कार्टेल बनाकर दाम को बढ़ा रही हैं, जो कंपनी एवार्ट के विरूद्ध हैं। क्रेडाई,मध्यप्रदेश ईकाई के प्रदेश अध्यक्ष वासिक हुसैन के अनुसार सीमेंट और इस्पात कंपनियों की सांठगांठ का ही नतीजा है कि लोहा में आसमानी तेजी है तो सीमेंट लोगों की पहुंच से दूर हो चला है। परिणाम स्वरूप अंडर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट और अन्य प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहे हैं तो आम उपभोक्ता भी लोहा-सीमेंट की आसमानी तेजी से परेशान हैं। अतः भारत सरकार इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें। क्रेडाई के प्रवक्ता मनोज मीक ने सरकार को याद दिलाया है कि रियल एस्टेट क्षेत्र कोरोना वायरस महामारी के दौरान सबसे बुरी तरह प्रभावित रहा है। संगठन ने कहा है कि आपसी साठगांठ के चलते सीमेंट, इस्पात और दूसरे जरूरी सामान के दाम में लगातार और अचानक हो रही वृद्धि के कारण रियल एस्टेट डेवलपरों की निर्माण लागत बढ़ रही है और इस स्थिति से मकान बनाने और उन्हें लोगों के सुपुर्द करने में देरी हो सकती है। जिससे फ्लैट खरीदारों को उनके फ्लैट मिलने में देरी होगी कुल मिलाकर क्षेत्र पर बुरा असर पड़ेगा।

भारत में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की पूरी क्षमता मौजूद

वाणिज्य प्रतिनिधि || भोपाल

मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां बेहतर उत्पादन के लिए अब आईटी से तालमेल बिठा रही हैं। ये कंपनियां अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी कनेक्ट और इंटरनेट का सहारा ले रही हैं। यदि भारत टेक्नोलॉजी को अपनाने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतता है,तो भारत में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की पूरी क्षमता मौजूद है।

दुनिया में अग्रणी ईआरपी समाधान प्रदाताओं में से एक ईरिसोर्स ईआरपी के सीईओ सुधीर नायर ने कहाकि महामारी ने दुनिया भर में बहुत सारे उद्योगों के कामकाज को इस कदर प्रभावित किया। जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। कई लोगों ने इस दर्दनाक, खर्चीली और अब तक अबूझ रही कड़वी हकीकत का सामना किया है। वहीं कुछ भाग्यशाली लोगों के लिए यह अप्रत्याशित लाभ का अवसर भी सिद्ध हुआ। रफ्तार से विस्तार पा रही मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री अब अपने बेहतर परिचालन, लचीलापन और दक्षता में सुधार के साथ-साथ अधिकाधिक ग्राहकों को जोड़ने की रणनीतियों को सार्थक बनाने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी की ओर रुख कर रही है। कोरोना महामारी के प्रकोप ने मार्च 2020 के बाद से लगभग एक साल से अधिक अवधि तक दुनिया की रफ्तार को ठप कर दिया। ईआरपी कंपनियों ने बहुत से उद्योगों को डिजिटल राह चुनने में मदद की है।

तीव्र, सुगम व सुरक्षित भुगतान के लिए डिजिटल बनें : आरबीआई

भोपाल। भारत दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से विकसित होती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। 61 फीसदी आबादी तक इंटरनेट ने पहुंच बनाई है। डिजिटल इंडिया मिशन और नेशनल बायोमीट्रिक डिजिटल आईडेंटिटी प्रोग्राम जैसे अनेक सरकारी अभियानों ने भारत की विविध आबादी के बीच का अंतर खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए आरबीआई द्वारा डिजिटल पेमेंट्स अवेयरनेस वीक के अवसर पर हम जानेंगे कि नकद में लेन-देन की बजाय डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता देना क्यों जरूरी है। डिजिटल भुगतान से उपभोक्ताओं को सुविधा व विकल्प मिलता है क्योंकि उन्हें न तो नकद में पैसा लेकर चलना होता है और न ही पैसा निकालने के लिए एटीएम की कतार में लगना पड़ता है। डिजिटल भुगतान के माध्यमों की उपलब्धता ने बिल का भुगतान करने, ई-वॉलेट से जन परिवहन के टिकट खरीदने और कोई चीज खरीदने के लिए टैप एंड पे कार्ड की प्रक्रिया को और ज्यादा आसान बना दिया है।

बीएसएनएल भेजॉरिटी एसोसिएशन का तीन दिवसीय सम्मेलन आज से

भोपाल। बीएसएनएल भेजॉरिटी एसोसिएशन (एआईजीइटीओए) का छठां तीन दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन होटल रैंडिसन में 12 मार्च से 14 मार्च आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। एसोसिएशन के अधिकृत पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 13 मार्च को ओपन सेशनए जिसमें चर्चा का मुख्य विषय बीएसएनएल की प्राचीन गौरव को पुनः प्राप्त करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएनएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार पुरवार ओपन सेशन को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर एआईजीइटीओए के अखिल भारतीय अध्यक्ष रवि शील वर्मा व महासचिव मोहम्मद वसी अहमद भी अपने विस्तृत विचार साझा करेंगे। इस सत्र में शामिल होने वाले अरविंद वडनेकर (निदेशक एचआर), बीएसएनएल बोर्डए सी रमेश (निदेशक सीएम) बीएसएनएल बोर्ड-विवेक बॉझल (निदेशक सीएए) बीएसएनएल बोर्ड,योजना दास (निदेशक वित्त) बीएसएनएल बोर्ड और सत्यानंद राजहंस (सीजीएमटी) एमपी सर्कल व अन्य गणमान्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। एआईजीइटीओए मध्यप्रदेश परिमंडल इकाई जो कि इस कार्यक्रम के आयोजक है द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सहभागियों से विनम्र अपील की हैं साथ ही यह भी बताया गया कि 14 मार्च को एआईजीइटीओए के नए सेंट्रल हेड क्वार्टर निकाय का चुनाव प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।

भाभा विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी विभाग में राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन फार्मेसी विभाग के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.कुलदीप गंजू, प्राचार्य-सागर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। डॉ.गंजू ने ऑनलाईन माध्यम से वेबिनार के विषय आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग इंटीग्रेटेड मॉडर्न फार्मेसी एजुकेशन पर अपने विचार रखे तथा छात्रों को इस विषय के बारे में व्यापक रूप से समझाया। मुख्य वक्ता ने आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस को बहुउपयोगी एवं नई तकनीकी के रूप में अपनाने की फार्मेसी छात्रों को सलाह दी। इस कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के डीन एकेडेमिक डॉ.नमीथ मेहता ने छात्रों को अनवरत तकनीकी से जुडे रहने व इस तरह के विषय पढ़ने, समझने एवं आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय सीईओ प्रसाद पिल्लई ने सभी छात्रों एवं फार्मेसी विभाग के सभी शिक्षकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शुभकामनाएँ दी। इस कार्यक्रम का संचालन रजनी देशपाण्डे के द्वारा किया गया।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए ग्राहक जोड़ने से रोका

नई दिल्ली। देश में डिजिटल पेमेंट सेवा प्रदान करने वाली फिन्टाक कंपनी पेटीएम के दिन ठीक नहीं चल रहे हैं। शेयर बाजार में लिस्टिंग के बाद से इसके शेयरों के टूटने का सिलसिला जारी है, जिससे निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उस पर भारतीय रिजर्व बैंक ने कंपनी को एक और बड़ा झटका दिया है। दरअसल, आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर नए ग्राहकों को जोड़ने पर रोक लगा दी है। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ ही पेटीएम पेमेंट्स बैंक की आईटी ऑडिट कराने का आदेश भी दिया है। यहां आपको बता दें कि आईटी ऑडिट का मतलब ये होता है कि कंपनी का आईटी इंफ्रास्ट्रचर यानी सॉफ्टवेयर कितने ग्राहकों का बोझ उठाने में सक्षम है, उसमें क्या गड़बड़ियां आ रही हैं और क्यों आ रही हैं, इन सबकी जांच की जाएगी। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर जारी बयान में कहा गया कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए ग्राहक जोड़ने के लिए अब पहले आरबीआई की इजाजत लेनी होगी।

एसओएस चिल्ड्रेंस विलेजेज द्वारा आयोजित पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने रखी राय

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एसओएस चिल्ड्रेन्स विलेजेज ऑफ इंडिया की ओर से जेंडर इक्वि टिटी टुडे फॉर ,सस्टेनेबल टुमॉरो, बेकिंग स्टीरियोटाइप्स विषय पर आयोजित परिचर्चा में भाग लेने वाले पैनलिस्टों ने कहा कि बड़े पैमाने पर व्यवहार परिवर्तन के जरिए लैंगिक असमानता को कम किया जा सकता है। व्यवहार परिवर्तन की शुरुआत लड़कियों और लड़कों के साथ समान व्यवहार करके, लड़कियों की शिक्षा में निवेश करके, उत्पादक रोजगार के लिए महिलाओं को कौशल प्रदान करके-कौशल में निखार लाकर, श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करके और नेतृत्व के पदों पर अधिक महिलाओं को काबिज होने के लिए प्रोत्साहित करके जा सकती है। वर्चुअल पैनल चर्चा को संगठन के आधिकारिक फेसबुक हैंडल पर लाइव स्ट्रीम किया गया। चर्चा में शामिल पैनलिस्टों में एसओएस चिल्ड्रेन्स विलेजेज ऑफइंडिया के महासचिव सुमंत कय उत्तराखंड सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस, राधा रतूड़ीय संभागीय आयुक्त कार्यालय, दिल्ली की उपायुक्त आईएएस, इरा सिंघतय डेलॉइट इंडिया की पार्टनर नीरू आहूजाय ,एसओएस मदर श्यामा जैन, परिवार सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम की केयरगीवर सुश्री चंद्रमा शामिल थे।